मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः16.03.2026

आवेदक के खाते में आनलाइन फ्राड की धनराशि 38163/- रूपया थाना कोतवाली चुनार की साइबर टीम के द्वारा वापस कराया गया-

आवेदक शुभम सिंह निवासी सहसपुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर ने दिनांक 25.12.2025 को आनलाइन फ्राड की सूचना NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या क्रमशः 33112250183314 से प्राप्त हुआ था तथा आवेदक द्वारा बताया गया कि आनलाइन फ्राड के माध्यम से कुल 40,000/-रुपये का फ्राड करा लिया गया था। फ्राड का पता चलते ही आवेदक द्वारा साइबर कम्प्लेन कराया गया। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना चुनार टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में साइबर सेल चुनार द्वारा जांच के दौरान आवेदक द्वारा ट्रान्सफर किये कुल धनराशि मे से 38,163/-रुपया आवेदक के खाते में वापस कराया गया। आवेदक के खाते में पैसा वापस आने पर साइबर सेल थाना चुनार की आवेदक द्वार भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

साइबर सेल टीम थाना चुनार मीरजापुर

प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह व आरक्षी अरमान अली थाना चुनार जनपद मीरजापुर।